एक्वा लाइन में दूर की जाएं तकनीकी खामियां

जागरण संवाददाता, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) के 21 मेट्रो स्टेशनों के प्लेटफार्म पर लगे स्वाचालित स्क्रीन डोर और डिस्प्ले बोर्ड तकनीकी खराबी के चलते बंद है। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) तकनीकी खामी का निस्तारण कर 30 जून तक हर हाल में संचालन दुरुस्त कराए। जिससे मेट्रो के डोर के साथ ही प्लेटफार्म पर लगे स्क्रीन डोर भी खुल सके। मुसाफिरों को एक्वा लाइन मेट्रो पर बेहतर सुविधा मिलनी शुरु हो। यह निर्देश एनएमआरसी एमडी आलोक टंडन ने डीएमआरसी अधिकारियों को दे दिए है।

बता दें कि एक्वा लाइन मेट्रो में प्लेटफत्रर्म पर लगे स्कीन डोर और मेट्रो के दरवाजों के एक साथ खुलने में कुछ समय का अंतराल आ रहा था। यह अंतर एक मिनट और उससे कम का था। ऐसे में मुसाफिरों को काफी परेशानी हो रही थी। जिसकी शिकायत मिलने के बाद एनएमआरसी एमडी आलोक टंडन ने मंगलवार को एक समीक्षा बैठक डीएमआरसी प्रशासन के साथ सेक्टर-29 कार्यालय पर बुलाई थी। इस बैठक में अधिकारियों ने बताया कि एक्वा लाइन के सभी 21 मेट्रो स्टेशनों के दोनों तरफ

एक्वा लाइन कॉरीडोर के मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लगे स्वचालित स्क्रीन डोर ● फाइल फोटो

प्लेटफार्म पर स्क्रीन डोर लगे है। मेट्रो के गेट के साथ ही स्क्रीन डोर के गेट भी खुलने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। एक्वा लाइन के संचालन के बाद से ही स्क्रीन डोर ओर मेट्रो के गेट के एक साथ खुलने के समय अंतर आ रहा था। मेट्रो का गेट तो खुल जाता है, लेकिन स्क्रीन डोर बंद रहते है। जिससे मुसाफिरों को प्लेटफार्म पर उतरने में दिक्कत आ रही है। शिकायत मिलने पर इन स्क्रीन डोर को खोल दिया गया है, क्योंकि मेट्रो संचालन के साथ साफ्टवेयर में तकनीकी खामी आ रही है। इसी खामी के चलते डिस्प्ले स्क्रीन भी प्रभावित है। इसमें भी तीन मेट्रो आने की सूचना गड़बड़ आ रही है। जबकि एनएमआरसी के पास ऐसी तकनीकी है, जिसमें स्टेशन पर ही आधा घंटा के अंदर आने वाली तीन मेट्रो की समय सारणी को डिस्प्ले स्क्रीन पर दर्शाया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि डीएमआरसी की तकनीकी टीम इस मामले पर लगातार काम करने में जुटी है। जल्द ही व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इस पर एनएमआरसी एमडी आलोक टंडन ने डीएमआरसी अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 जून तक स्क्रीन डोर और डिस्प्ले बोर्ड की तकनीकी खामियों को हर हाल में दुरुस्त कर एक्वा लाइन पर मेट्रो का संचालन दुरुस्त किया जाए।

इसलिए स्क्रीन डोर लगाए गए

मेट्रो स्टेशन पर पटरी पर मुसाफिरों के अचानक आने की तमाम घटनाओं से सबक लेकर एनएमआरसी प्रशासन ने 21 स्टेशनों पर स्वचालित स्क्रीन डोर को लगवाया है। जिससे मुसाफिरों को सुरक्षित सफर मेट्रो में उपलब्ध कराया जा सके। सुरक्षा के लिहाज से यह बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लगने के बाद कोई भी मुसाफिर पटरी पर नहीं जा सकता है।

डीएमआरसी प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह दोनों की तकनीकी समस्याओं को 30 जून हर हाल में दुरुस्त करें। -पीडी उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, एनएमआरसी